# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

**नाशिक** | **Thursday, 24 September 2026**


## एसएमएस अस्पताल के डॉ. पचार का वर्मा अस्पताल मे भंव्य स्वागत

राजेश चौधरी — Published on 26 Jan 2026




राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़
भादरा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बने एसएमएस अस्पताल, जयपुर में कार्यरत डॉ. बी.एस. पचार के सह-आचार्य से आचार्य पद पर पदोन्नत होने एवं भादरा आगमन के अवसर पर वर्मा अस्पताल में उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर वर्मा अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. बी.एस. वर्मा ने डॉ. पचार का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया तथा उन्हें इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त चिकित्सकों एवं अस्पताल स्टाफ ने भी डॉ. पचार को बधाई देते हुए खुशी का इज़हार किया।

डॉ. पचार की इस पदोन्नति को चिकित्सा क्षेत्र में उनकी निरंतर सेवा, समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्य का परिणाम बताया गया। समारोह में चिकित्सा जगत से जुड़े कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने डॉ. पचार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण रहा और सभी ने इस उपलब्धि को भादरा क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया।


DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.